# राजस्थान सरकार
## निदेशालय कोष एवं लेखा, राज0 जयपुर

क्रमांक एफ4(ई) /(नि.प.2आर/स्पे92)/अलेसे–III/ 9645-9650 दिनांकः-1/10/13

**आदेश संख्या 269 /2013–14**

श्री नरेन्द्र कुमार राठी (आर–2/स्पे.92) की कनिष्ठ लेखाकार के पद पर नियुक्ति तिथि 26-05-1995 है। श्री राठी ने 18 वर्ष की निरन्तर संन्तोषजनक सेवा 26-05-2013 को पूर्ण कर ली है। अतः राज्य सरकार के आदेश क्रमांक एफ11 (7) वित्त (नियम)/2008 दिनांक 12-09-2008 एवं आदेश संख्या एफ11 (7)वित्त (नियम) पार्ट– I/2008 दिनांक 06-10-2008 के अनुसरण में श्री नरेन्द्र कुमार राठी को दिनांक 26-05-2013 से कनिष्ठ लेखाकार के पद की द्वितीय आश्वासित कैरियर प्रगति (एसीपी) वेतन श्रृखला पी.बी.–2 (9300–34800) ग्रेड पे 4200/– में स्वीकृत की जाती है।

श्री राठी को वित्त विभाग के आदेश क्रमांक प0 14 (88) वित्त/नियम/2008 दिनांक 31-12-2009 में दी हुई शर्तो के संबंध में संतोषजनक सेवा संबंधी प्रमाण पत्र तथा सन्तान संबंधी घोषणा प्राप्ति के आधार पर आश्वासित कैरियर प्रगति (एसीपी) स्वीकृत की जाती है ।

श्री राठी के गत सात वर्षो के वार्षिक कार्य मूल्यांकन प्रतिवेदन उपलब्ध नहीं होने पर वित्त (राजस्व) विभाग के पत्रांक दिनांक 27-07-2012 के अनुसरण में नियमानुसार एपीएआर की उपलब्धता के आधार पर द्वितीय आश्वासित कैरियर प्रगति इस शर्त पर स्वीकृत किया जाता है कि भविष्य में प्राप्त उक्त अवधि के वार्षिक कार्य मूल्यांकन प्रतिवेदन में प्रतिकूल प्रविष्टि होने पर प्रकरण पुनः खोला जावेगा तथा वार्षिक कार्य मूल्यांकन प्रतिवेदन के आधार पर द्वितीय आश्वासित कैरियर प्रगति के बारे में निर्णय लिया जाकर तदनुसार संशोधित कर दिया जावेगा

श्री राठी का वेतन निर्धारण वित्त विभाग के उक्त आदेश दिनांक 12-09-2008 के पैरा 19 के अनुसार संबंधित कार्यालयाध्यक्ष द्वारा निर्धारित किया जावेगा। वेतन निर्धारण से पूर्व कार्यालयाध्यक्ष द्वारा यह सुनिश्चित किया जावे कि संबंधित कर्मचारी पुनरीक्षित वेतनमान 2008 में वेतन प्राप्त कर रहा है। इस स्वीकृति व वेतन निर्धारण की प्रविष्टि आवश्यक रूप से संबंधित कनिष्ठ लेखाकार की सेवा पुस्तिका में की जावे। उक्त स्वीकृति माननीय विशिष्ठ न्यायाधीश–सैशन न्यायालय (भ्र0नि0 अधिनियम) उदयपुर के निर्णय दिनांक 29.3.2008 के क्रम में राज्य सरकार द्वारा अपील के निर्णय के अध्याधीन होगी।

(वीरबाला जोशी)
निदेशक

क्रमांक :–एफ4(ई) /(नि.प.2आर92)/अलेसे–III/ 9645-9650 दिनांकः– 1-10-2013

**प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित है :–**

1. अतिरिक्त निदेशक, स्थानीय निधि अंकेक्षण विभाग, क्षेत्रीय कार्यालय, बीकानेर।
2. श्री नरेन्द्र कुमार राठी, क.लेखाकार, कार्यालय स्थानीय निधि अंकेक्षण विभाग, क्षैत्रीय कार्यालय, बीकानेर।
3. उपनिदेशक (एसीपी) को विभागीय वैबसाईट पर प्रकाशन करने हेतु।
4. निजी सहायक निदेशक, महोदया।
5. निजी/गार्ड फाईल

( महेन्द्र सिंह भूकर )
अतिरिक्त निदेशक {कार्मिक–II}